Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# पिथौरागढ़ के 37 गांव अंधेरे में, 17 पेयजल योजनाएं ध्वस्त

कहर

## नुकसान के आंकलन दो टीमें हुई गठित



**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ। मुंसयारी और बंगापानी में आपदा से निपटने को तहसील क्षेत्र में प्रशासन जुट चुका है। क्षेत्र में 17 पेयजल योजनाएं ध्वस्त हो चुकी है। 37 गांवों की बिजली आपूर्ति चौपट हो चुकी है। क्षेत्र के पैदल मार्ग व सभी सड़के बंद हो चुकी है। क्षेत्र में आपदा बचाव राहत का कार्य करने के लिए दल तैयार है। टीमों को जगह जगह हुए नुकसान की रिपोर्ट आकलन करने को कहा गया है। मुसयारी के राजस्व अधिकारियों को सीमांत तहसीलों में राहत राशि बांटने के लिए आदेश दे दिये गये है। नदी के किनारे बसे गांवों को बचाने के लिए सिचाई विभाग को वायर क्रेटस का पूर्व स्टाक रखने को कहा गया है।

जिला पूर्ति विभाग द्वारा प्रभावितों को खाद्यान्न पैकेट वितरित किये जा रहे है। जानकारी के मुताबिक मुसयारी बंगापानी तहसीलों में पीड़ित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर रखा गया है। सीमांत क्षेत्र में 37 गावों की बिजली आपूर्ति भंग होने की वजह से उर्जा निगम को मौके पर त्वरित गति से काम करने को कहा गया है। जल संस्थान व पेयजल निगम को मौके पर सभी गांवों में वैकल्पिक व्यवस्था करने के आदेश दिये गये है। सीमांत तहसील क्षेत्र में गरजते नाले व व टूटते पहाड़ और गावों में पहुंच रहे मलबे से भयभीत ग्रमीण पुश्तैनी गांव व घर और जान बचाने के लिए गांवों से पलायन करने को मजबूर हो रहे है। शेष बचे हुए लोग प्रशासन और जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से मदद की गुहार भी लगा रहे है।

बता दें कि इस बार मुसयारी में मानसून काल में प्रकृति ने जहां अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू किया है वही यहां प्रतिदिन हो रही भारी बारिश से नुकसान भी काफी होने के समाचार मिल रहे है। गोरी नदी के कटाव से मकानों पर खतरा मंडराने की वजह से क्षेत्र के ग्रमीणों तक राजस्व टीम मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव कार्य में तेजी से राहत पहुंचा रही है।

## आपदा में लापता पांच ग्रामीणों के शव बरामद

सीमांत पिथौरागढ के बंगापानी तहसील के टांगा में रविवार रात आई आपदा में मलबे में दबे ग्रामीणों को ढूढने का कार्य मंगलवार को युद्धस्तर पर जारी रहा। आपदा में टांगा गांव में 11 ग्रामीण लापता हैं। जिनमें से मंगलवार को पांच लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। जिनकी पहचान गणेश सिंह पुत्र माधो सिंह, हीरा देवी पत्नी गणेश सिंह और माधो सिंह पुत्र चन्द्र सिंह के रूप में हुई है। मौके पर मौके पर डीएम वीके जोगडंडे ओर एसपी प्रीति प्रियदर्शिनी मौजूद हैं। बंगापानी के टांगा और गैला गांवों में भारी भूस्खलन से मकानों के मलबे में दबने से तीन लोगों की मौत हो गई थी जबकि पांच घायल थे। इसके अलावा 11 लापता थे। शनिवार रात सीमांत में बादल फटने से भारी तबाही मची। रविवार शाम भी मुनस्यारी, बंगापानी और धारचूला तहसीलों में बारिश ने फिर कहर बरपाया।

## न्यूज डायरी

### बलूनी के प्रयासों की जिले के सामाजिक संगठनों ने की सराहना

**संवाददाता** पिथौरागढ। रविवार को दिल्ली के मिंटों ब्रिज पर हुए जल भराव के कारण मालवाहक वाहन को चला रहे पिथौरागढ़ जनपद के बेरीनाग निवासी कुदन सिह पुत्र भगवान सिह मौके पर हुई मौत पर जिले के लोगों में गहा दुख व्यक्त किया है। अनिल बलूनी के प्रयायों से मृतक परिवार के लोगों को बलूनी द्वारा किये गये प्रयासों व आर्थिक सहयोग व उनके द्वारा किये गये अपेक्षित सहयोग को जिले के सामाजिक संगठनों ने सराहा है। 56 साल के मृतक कुदन सिह की दो पुत्रियां है और पत्नी है। वही कुदन के जाने से पीड़ित परिवार पर आर्थिक बोझ की मार पड़ गया है। ऐसे दुखद हादसे के समय अनिल बलूनी के द्वारा पीड़ित परिवार वालों के लिए की गई मदद बेहद तारीफ के काबिल है। मृतक कुदन की पत्नी व उनके बच्चों व क्षेत्र की जनता ने बलूनी के सहयोग का आभार जताया है।

### मासिक तौर पर पीड़ित महिला भटकते हुए हाट थर्प पहुंची

**संवाददाता** पिथौरागढ। सीमांत तहसील डीडीहाट के गाम सभा हाट थर्प में एक मासिक रोग पीड़ित महिला भारी बारिश के चलते भटकते हुए पहुंची है। वह अपने आप को कौल गराली का बता रही है। क्षेत्र के ग्रम प्रधान हाट थर्प के लवी कफलिया ने कहा है कि गाम पंचायत में महिला को ज्यादा दिन तक रखना संभव नही हो सकता है। उन्होंने आग्रह किया है कि प्रधान हाट के मोबाइल नंबर 9634623229 व 8909633633 पर संपर्क किया जा सकता है।

### पियाजियो इंडिया ने वेस्पा वीएक्सएल, एसएक्सएल फेसलिफ्ट लॉन्च की

**संवाददाता** देहरादून। आज पियाजियो इंडिया ने बाजार में दो नए उत्पाद लॉन्च किए – आईकोनिक वेस्पा वीएक्सएल, एसएक्सएल फेसलिफ्ट 2020 श्रृंखला एवं डिस्क ब्रेक और डिजिटल क्लस्टर के साथ स्पोर्टी नया अप्रिलिया स्टॉर्म। इनका उद्देश्य अपनी प्रीमियम विशेषताओं द्वारा समझदार ग्राहकों को राईडिंग का बेहतर अनुभव प्रदान करना है। कंपनी ने साल की शुरुआत में ग्रेटर नोएडा में आयोजित हुई ऑटो एक्स्पो 2020 में इन नए उत्पादों का अनावरण किया था और हाल ही में 125 सीसी एवं 150 सीसी बीएस6 इंजनों के साथ वेस्पा वीएक्सएल, एसएक्सएल फेसलिफ्ट 2020 मॉडल्स की प्रि–बुकिंग शुरू कर दी। उन्हें ईकॉमर्स प्लेटफॉर्म से नया वेस्पा ऑनलाईन बुक करने पर 2000 रु. मूल्य के बेनेफिट्स तथा अप्रिलिया बुक करने पर 1000 रु. मूल्य के बेनेफिट्स मिलेंगे। ग्राहक नजदीकी वेस्पा या अप्रिलिया डीलरशिप पर भी जा सकते हैं।

## एनएसयूआई कार्यकर्ताओं फूंका डा. निशंक का पुतला

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के तत्वाधान में पूर्व प्रदेश सचिव अजय रावत के नेतृत्व में केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक द्वारा सितम्बर माह में अंतिम सेमेस्टर की परीक्षायें कराये जाने के विरोध में पुतला दहन किया गया। कांग्रेस भवन में एनएसयूआई के कार्यकर्ता इकटठा हुए और वहां पर कार्यकर्ताओं ने कोरोना वायरस कोविड 19 संकटकाल में परीक्षाएं न कराये जाने व सितम्बर में परीक्षायें कराये जाने के फैसले को निरस्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और डा. निशंक का पुतला फूंका। वक्ताओं ने कहा कि छात्रों को राहत देने के लिए था इसके अंतर्गत जिसके अंतर्गत एनएसयूआई यह मांग करती है कि छात्रों को सीधे बिना परीक्षा दिए ही कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के कारण अगली कक्षाओं में प्रमोट किया जाए परंतु एचआरडी मिनिस्ट्री एवं भारत सरकार लगातार छात्रों और एनएसयूआई की मांगों को अनदेखा कर रही है।




# कांग्रेस ने मुनस्यारी आपदा में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना जताई

**संवाददाता**

### मृतकों के परिजनों को 10 लाख तथा प्रभावित परिवारों को 5 लाख का मुआवजा देने की मांग

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने जनपद पिथौरागढ के मुनस्यारी क्षेत्र के ग्राम टांगा एवं गैला गांव में प्राकृतिक आपदा से हुए भारी जानमाल के नुकसान पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। प्रीतम सिंह ने आपदा में मारे गये लोगों के प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने प्रत्येक वर्ष बरसात में होने वाली इन घटनाओं को उत्तराखण्ड राज्य के लिए अभिशाप बताते हुए कहा कि पहाड़ों में होने वाले ऐसे हृदय विदारक हादसों को रोकने के उपाय होने चाहिए तथा जो गांव अति संवेदनशील हैं उनका उचित स्थान पर समय रहते विस्थापन किया जाना चाहिए। प्रीतम सिंह ने मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत को पत्र लिखकर पिथौरागढ़ के आपदा पीड़ितों को शीघ्र राहत पहुंचाने के उपाय किये जाने तथा मृतकों के परिजनों को 10–10 लाख रूपये तथा प्रभावित परिवारों को 5–5 लाख रूपये का मुआवजा दिये जाने की मांग की है।

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत को लिखे पत्र में प्रीतम सिंह ने कहा कि गत 20 जुलाई को हुई भारी बरसात से राज्य के कई जनपदों में जानमाल की भारी क्षति हुई है। जनपद पिथौरागढ की तहसील मुनस्यारी क्षेत्र के टांगा एवं गैला गांव में अतिवृष्टि एवं बादल फटने की घटनाओं के कारण पहाडी धंसने से भारी जन हानि हुई है। इस दुर्घटना में 5 लोगों की असमय मौत हो चुकी है तथा 9 लोग लापता बताये जा रहे हैं। भारी बरसात के कारण पूरे मुनस्यारी क्षेत्र का मुख्यालय से सम्पर्क टूट चुका है जिससे पीडितों तक राहत भी नहीं पहुंच पा रही है। राज्यभर में लगातार हो रही भारी बारिस एवं अतिवृष्टि से कई अन्य क्षेत्रों में भी भारी नुकसान के समाचार मिले हैं। मौसम विभाग की पूर्व चेतावनी के बावजूद राज्य के आपदा प्रबन्धन विभाग द्वारा दैवीय आपदा संभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के कोई प्रबन्ध नहीं किये गये हैं।

## पुलिस की युवक के साथ अभद्रता का वीडियो वायरल

**संवाददाता** धनोल्टी। टिहरी के धनौल्टी में सोमवार शाम को एक वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो में पुलिस का सिपाही एक युवक को थप्पड़ मारता और गाली देते हुए दिखाई दे रहा है। वीडियो में अन्य पुलिस कर्मी भी दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद एसएसपी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी सिपाही को निलंबित कर दिया। टिहरी के थत्यूड़ थाने के अंतर्गत अलमस गांव में पुलिस की टीम गाड़ियों की रूटीन चेकिंग का कार्य कर रही थी। वहीं पुलिस के सिपाही ने एक युवक को गाली देते हुए थप्पड़ मार दिया। इसका वीडियो किसी ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर वायरल कर दिया। वीडियो में दिख रहा युवक भंस्वाड़ी गांव का निवासी बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा पुलिस पर फूट पड़ा है। लोगों का कहना है कि पुलिस के सिपाही को किसी को मारने का अधिकार नहीं होता। वहीं इस मामले में थानाध्यक्ष थत्यूड़ संजीत कुमार ने बताया कि अलमस गांव में गाड़ियों की रूटीन चेकिंग के दौरान एक युवक पुलिस के कर्मचारियों को परेशान कर रहा था।